मुख्यालय
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
Employees' State Insurance Corporation
पंचदीप भवन, नई दिल्ली -110002

संख्या: ई-13/12/6/2019-ज.स. दिनाक: 24.02.2019

प्रेस विज्ञप्ति

ई एस आई सी अस्पताल, बरेली का 50 बिस्तरों से 100 बिस्तरों मे उन्नयन का शिलान्यास

ई एस आई सी अस्पताल, बरेली का 50 बिस्तरों से 100 बिस्तरों मे उन्नयन का शिलान्यास श्री संतोष कुमार गंगवार, माननीय श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार, द्वारा आज दिनाक **24** फरवरी, 2019 को किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि **श्री धर्मेंद्र कश्यप**, माननीय सांसद, लोकसभा थे।

इस अवसर पर बीमाकृत व्यक्तियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए एक चिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में बीमित व्यक्ति तथा उनके परिजनों ने स्वास्थ्य जाँच करवाकर इसका लाभ उठाया।

इस सुअवसर पर डॉ. अरुण कुमार, माननीय विधायक, बरेली, उत्तर प्रदेश, श्रीमती उषा उपपाध्याय , माननीया पार्षद, श्री राज कुमार, भा. प्र. से., महानिदेशक, इ एस आई सी,डॉ केशव अग्रवाल, सदस्य, इ एस आई सी, डॉ आर के कटारिया, चिकित्सा आयुक्त, इ एस आई सी, श्री अनिल कुमार, अपर आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक, कानपुर तथा डॉ चरणजीत सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, इ एस आई सी अस्पताल, बरेली भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर **श्री संतोष गंगवार**, **माननीय श्रम् और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**, **भारत सरकार**, **ने** कहा कि क रा बी योजना के अंतर्गत व्याप्त बीमाकृत व्यक्तियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए अनेक स्वास्थ्य सुधार योजना शुरू किया गया है। इस अस्पताल को 100 बिस्तरों का बनाया जा रहा है। इस अतिरिक्त 50 बिस्तरों के निर्माण पर लगभग 25 करोड़ रुपए खर्च होंगे। अतिरिक्त 50 बिस्तरों के निर्माण के बाद इसमे ओ पी डी, आपातकालीन सेवाएँ, जाँच प्रयोगशाला, फार्मसी, वार्ड, ऑपरेशन थिएटर एवं अन्य सुविधाए उपलब्ध होंगी। यह अस्पताल बरेली और आस-पास के इलाक़ो के ई एस आई योजना के लगभग 2.00 लाख बीमित लोगो और उनके परिवारों के सदस्यो की स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

उन्होंने अपने सम्बोधन मे यह भी कहा कि ई एस आई सी ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए है जिनमे जिन ESIC Hospitals में स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है, उन्हें Non-IPs के लिए खोल दिया गया है जहां पर IPs तथा उनके आश्रितों के साथ साथ आम जनता भी बहुत ही साधारण शुल्क देकर तमाम मेडिकल सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं । इसके लिए कंसल्टेशन का चार्ज मात्र 10 रुपये तथा आईपीडी के लिए सीजीएचएस दर का 25% मात्र चार्ज लिया जाएगा।

इस से पूर्व, श्री राज कुमार, महानिदेशक ने आज 24 फरवरी को ई एस आई योजना के 67 वर्ष पूरे पूरे होने पर सभी को बधाई दी । ई एस आई योजना सबसे पहले कानपुर एवं दिल्ली में एक साथ शुरू की गई थी तथा योजना का उद्घाटन 24 फरवरी 1952 को कानपुर में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व.

पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा किया गया था।उस समय कानपुर में कुल 200 बीमित व्यक्ति तथा 800 हितलाभार्थी पंजीकृत थे। आज ई एस आई सी भारत मे करीब 3.43 करोड़ परिवारों के कल्याण के लिए काम कर रहा है और व्यापक स्वास्थ्य देखभाल सहित चिकित्सा हितलाभ प्रदान करता हैं।

<u>भारत मे कर्मचारी राज्य बीमा योजना</u>

कर्मचारी राज्य बीमा निगम कर्मचारियों को रोजगार के दौरान लगी चोट, बीमारी, मृत्यु, निशक्तता आदि जैसे हालातो मे नगद हितलाभ तथा उचित चिकत्सा सुविधा जैसी व्यापक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाला एक अग्रणी सामाजिक सुरक्षा संगठन हैं। क रा बी योजना उन कारखानों एवं प्रतिष्ठानों मे लागू हैं, जहाँ 10 या उससे अधिक व्यक्ति नियोजित हैं। उपयुक्त श्रेणियों के कारखानों एवं प्रतिष्ठानों के कर्मचारी जो रु 21,000/- तक प्रतिमाह वेतन प्राप्त कर रहे हैं, वे क रा बी अधिनियम के अंतर्गत स्वास्थय बीमा व्यापति एवं अन्य हितलाभ पाने के हकदार हैं। पूरे देश मे 10.33 लाख कारखानों एवं प्रतिष्ठानों मे क रा बी योजना लागू हैं, जिससे कामगारो के लगभग 3.43 करोड़ परिवार एकको के हितलाभ मिल रहे हैं। परिणामस्वरूप क रा बी योजना के कुल लाभार्थियों की संख्या 13.32 करोड़ से अधिक हो गई है। सन 1952 मे अपनी शुरुआत से, क रा बी निगम अब तक 154 अस्पतालों, 1500/148 औषधालयों/आईएसएम एकको, 815 शाखा/भुगतान कार्यालयों एवं 64 क्षेत्रीय/उप क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना कर चुका है।